डॉ. रेशमा अंसारी को सुमित्रा कुमारी सिन्हा स्मृति सम्मान

उत्तरप्रदेश की के.बी. हिन्दी सेवा न्यास और डॉ. मिथिलेश दीक्षित साहित्य–संस्कृति सेवा न्यास ने 8वें अंतर्राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मान– 2022 में किया सम्मानित

मैट्स यूनिवर्सिटी के हिन्दी विभाग की प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. रेशमा अंसारी को उत्तरप्रदेश के बिसौली, बदॉयू में आयोजित 8वें अंतर्राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मान समारोह में सुमित्रा कुमारी सिन्हा स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। इस समारोह में भारत के विभिन्न राज्यों के साहित्यकारों सहित अमेरिका, ताइवान, जर्मनी, नेपाल के साहित्यकारों को भी सम्मानित किया गया। यह 8वां अंतर्राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मान– 2022 उत्तरप्रदेश की के.बी. हिन्दी सेवा न्यास और डॉ. मिथिलेश दीक्षित साहित्य–संस्कृति सेवा न्यास ने संयुक्त रूप से आयोजित किया।

उल्लेखनीय है कि मैट्स यूनिवर्सिटी के हिन्दी विभाग की विभागाध्याक्ष डा. रेशमा अंसारी बीते 15 वर्षों से हिन्दी भाषा और साहित्य के उन्नयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। राष्ट्रीय–अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर

विविध शोध–सम्मेलनों के आयोजन, भागीदारी और शोध पत्रों तथा पुस्तकों के प्रकाशन सहित विविध रचनात्मक गतिविधियों के आयोजन में उन्होंने विशेष योगदान दिया है। उन्हें यह सम्मान हिन्दी भाषा के विकास, उन्नयन, सम्पादन, साहित्य, कला, संस्कृति, शिक्षा, संगीत, पत्रकारिता एवं समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय एवं सराहनीय भूमिका हेतु दिया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि न्यूयार्क अमेरिका के साहित्यकार श्री इंद्रजीत शर्मा, विशिष्ट अतिथि अमेरिका के साहित्यकार श्री प्रेम भारद्वाज थे। समारोह की अध्यक्षता देश की प्रसिद्ध महिला साहित्यकार डॉ. मिथिलेश दीक्षित ने की। इस अवसर पर के.बी. हिन्दी सेवा न्यास के अध्यक्ष एवं आयोजक डॉ. सतीश चंद्र शर्मा 'सुधांशु', महासचिव आशुतोष शर्मा 'आशु', डॉ. मिथिलेश दीक्षित साहित्य–संस्कृति सेवा न्यास के महासचिव आशीष शर्मा 'नीटू', श्री मुकेश तिवारी मध्यप्रदेश, डॉ. अर्पण जैन, पं. ज्वाला प्रसाद शांडिल्य उत्तराखंड, डॉ. ओमकार नाथ द्विवेदी सहित देश–विदेश के अनेक प्रसिद्ध साहित्यकार उपस्थित थे। इस समारोह में अमेरिका, ताइवान, जर्मनी, नेपाल सहित भारत के साहित्यकारों का सम्मान किया गया। डॉ. अंसारी की इस उपलब्धि पर मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति श्री गजराज पगारिया, महानिदेशक श्री प्रियेश पगारिया, कुलपति प्रो.के.पी. यादव, उपकुलपति डॉ. दीपिका ढांड, कुलसचिव श्री गोकुलनंदा पंडा सहित मैट्स परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है।